**संकलित परीक्षा - II (2015-2016)**

**हिन्दी 'ब'**

**कक्षा -IX**

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं - **क, ख, ग** और **घ ।**

(2) **खंड -क प्रश्न संख्या 2 मुक्त पाठ** पर आधारित है।

(3) **चारों** खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(4) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

**खण्ड-क**

**( अपठित बोध एवं मुक्त पाठ )**

1 **निम्नलिखित** गद्यांश **को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2x5=10)** 10

'हम कर्म से ही महान बन सकते हैं, हमारे लिए परित्याग या पलायन करना किसी भी तरह से मुमकिन नहीं है।' यह कहना है रवींद्रनाथ टैगोर का, उनका मानना था कि काम हमेशा मेहनत के साथ करो और फल की इच्छा मत करो, जो फल की इच्छा रखते हैं, वे अपने काम में पूरी तरह से मन नहीं लगा पाते और जो निरंतर काम करते हैं, उनको सफलता मिलते देर नहीं लगती, यानी कहा जाए तो मेहनत से किशोर-किशोरियों को कभी भी बचना नहीं चाहिए, जो मेहनत करना नहीं चाहते और जिनको करा-कराया काम पसंद है, वे आलसी और कामचोर होते हैं। ऐसे लोग हमेशा पाना चाहते हैं, कुछ देना नहीं। पूरी दुनिया ही मेहनत के बल पर टिकी है, वरना तो देश का विकास संभव हो ही न पाए।

मशीनें भी किसी व्यक्ति के परिश्रम की जगह नहीं ले सकतीं, पर मशीनों का काम भी मदद करना व काम को आसान बनाना है। परिश्रम को व्यक्ति एक फलसफे के रूप में, तभी उसकी राह आसान बनेगी, जो परिश्रम नहीं करते या दूसरों पर निर्भर रहते हैं, उन्हें बार-बार अपमान सहना पड़ता है, मुंशी प्रेमचंद ने भी कहा है - 'आलस्य वह राजयोग है, जिसका रोगी कभी नहीं संभलता।'

तो आलस्य छोड़ कर परिश्रम करने के लिए उठ खड़े हों।

(क) रवींद्रनाथ टैगार का क्या मानना था ?

(ख) किशोर-किशोरियों के प्रति 'टैगोर जी' के विचारों को समझाइए।

(ग) कैसे व्यक्तियों को अपमान का सामना करना पड़ता है और क्यों ?

(घ) मशीनें परिश्रम का स्थान क्यों नहीं ले सकतीं?

(ङ) प्रेमचंद के कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

( मुक्त

**इस** पाठ

| | | |
|---|---|---|
| | विषय– पर्यावरण संरक्षण | |
| 2(i) | सूयय हमार सौरमंडब का प्रमुख पपग्रह ह इस स प्राप्त सौर ऊर्जाय का प्रयोग हम – कहाँ कहाँ पर ककस ककस<br>रूप में कर सकत हैं | 5 |
| 2(ii) | “वृक्षारोपण” प्रकृनत क साथ र्‌ुडना एक महत्िपूणय कदम ह? कक्षा में एक<br>गनतनिनध त यार कीनर्‌य ।<br>नरसमें हम पनहीं वृक्षों क रोपण को भनिषय में भी दख सकें नरनका रोपण हमन | 5 |
| | **खण्ड ख**<br>**( व्यावहारिक व्याकरण )** | |
| 3 | (क) निम्नलिखित शब्दों के वर्ण–विच्छेद कीजिए :<br>(1) दबाव (2) प्रयोग<br>(ख) निम्नलिखित शब्दों में से उस शब्द को चुनिए, जिसमें अनुस्वार का प्रयोग होता है :<br>खासी, चपक<br>(ग) निम्नलिखित शब्द में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग कर शब्द को दुबारा लिखिए :<br>कुवारा<br>(घ) निम्नलिखित शब्द में उचित स्थान पर नुक्ते का प्रयोग कीजिए :<br>फरियाद | 5 |
| 4 | (क) निम्नलिखित शब्दों में सन्धि कीजिए :<br>(1) वज्र+ आसन (2) क्रम + अंक<br>(ख) निम्नलिखित शब्दों में सन्धिविच्छेद कीजिए :<br>(1) पुरुषोत्तम (2) गंगोदक | 4 |
| 5 | (क) निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्दों व उपसर्गों को अलग – अलग करके लिखिए:<br>निर्द्वन्द्व , अटूट<br>(ख) निम्नलिखित शब्द में मूल शब्दव प्रत्यय को अलग – अलग करके लिखिए:<br>सभ्यता<br>(ग) निम्नलिखित में विरामचिह्न लगाइए:<br>(1) तुम बंबई में कहाँ रहती हो<br>(2) उसने कहा क्या तुम्हारी तबियत खराब है<br>(3) वाह क्या स्वादिष्ट खीर है | 6 |
| | **खण्ड ग**<br>**( पाठ्य–पुस्तक )** | |

| | | |
|---|---|---|
| | **पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( 2+2+1 )** | |
| 6 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(2+2+1)**<br>लेकिन कुछ ही दिनों के बाद संपादन सहित दोनों साप्ताहिकों की और छापाखाने की सारी व्यवस्था मेरे जिम्मे आ गई। गांधी जी और महादेव का सारा समय देश भ्रमण में बीतने लगा। ये जहाँ भी होते, वहाँ से कामों और कार्यक्रमों की भारी भीड़ के बीच भी समय निकालकर लेख लिखते और भेजते।<br>सब प्रांतों के उग्र और उदार देशभक्त, क्रांतिकारी और देश-विदेश के धुरंधर लोग, संवाददाता आदि गांधीजी को पत्र लिखते और गांधीजी 'यंग इंडिया' के कॉलमों में उनकी चर्चा किया करते। महादेव गांधीजी की यात्राओं के और प्रतिदिन की उनकी गतिविधियों के साप्ताहिक विवरण भेजा करते।<br>प्रश्न<br>(क) गांधी जी और महादेव भाई किन-किन कार्यों में व्यस्त हो गए ?<br>(ख) कौन-कौन से लोग गांधी जी को पत्र लिखते और गांधी जी उन पत्रों का क्या करते थे ?<br>(ग) दोनों साप्ताहिकों की और छापखाने की सारी व्यवस्था की ज़िम्मेदारी किस पर आ गई ? | 5 |
| 7 | महादेव भाई के व्यक्तित्व की तुलना सोने की कीमत वाले गाद (मिट्टी) से क्यों की गई है ? 'शुक्रतारे के समान' पाठ के आधार पर लिखिए। | 5 |
| | **निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(2+2+1)** | |
| 8(i) | सरकारी नौकरी छोड़ना रामन के लिए एक कठिन निर्णय क्यों था? 'वैज्ञानिक चेतना के वाहक' पाठ के आधार पर लिखिए। | 2 |
| 8(ii) | चालाक लोग अपना बड़प्पन कैसे कायम रखते हैं ?' धर्म की आड़' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। | 2 |
| 8(iii) | विज्ञ लोग 'वार्मटोन' किसे कहते हैं? ''कीचड़ का काव्य'' पाठ के आधार पर लिखिए। | 1 |
| | **पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( 2+2+1)** | |
| 9(i) | अश्रु कब और क्यों आ जाते हैं ? 'अग्निपथ' कविता के आधार पर लिखिए। | 2 |
| 9(ii) | हमारे देश में मानसिक और शारीरिक श्रम करने वालों में किस प्रकार का भेद किया जाता है ? 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता के आलोक में लिखिए। | 2 |
| 9(iii) | 'गीत-अगीत' कविता के आधार पर लिखिए कि 'वेगवती बहती जाती है,' कथन से क्या तात्पर्य है? | 1 |
| 10 | जब सुखिया को महामारी ने ग्रस्त कर लिया तो उसके पिता की क्या दशा हुई ?' एक फूल की चाह' कविता के आधार पर अपने शब्दों में लिखिए। | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | 'हामिद खाँ' कहानी के आधार पर लिखिए कि इंसानियत का रिश्ता सबसे बड़ा रिश्ता होता है। | 5 |
| | **खण्ड घ**<br>**( लेखन )** | |
| | दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर **किसी एक** विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। | |
| 12(i) | अबला नहीं, सबला है नारी<br>• स्त्री की समाज में भूमिका<br>• वर्तमान स्थिति<br>• सबला कैसे ? | 5 |
| | **OR/अथवा** | |
| 12(ii) | हमारा शहर<br>• कौन सा<br>• विशेषता<br>• हमारा कर्त्तव्य | 5 |
| | **OR/अथवा** | |
| 12((iii) | बाल दिवस<br>• क्यों ?<br>• कैसे ?<br>• महत्त्व | 5 |
| 13 | बुजुर्गों के प्रति बढ़ती असुरक्षा पर अपने अकेले रहने वाले दादा-दादीजी को चौकन्ना रहने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए। | 5 |
| 14 | दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने मन में उभरे विचारों को **20-30** शब्दों में अपनी भाषा में प्रस्तुत कीजिए। | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | |  | |
| | 15 | अरहर की दाल खरीदने के संदर्भ में दुकानदार और ग्राहक के बीच होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। | 5 |
| | 16 | दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए 20-25 शब्दों मे ंविज्ञापन बनाइ ये। | 5 |
| | | | |
| | | -o0o0o0o- | |